


नवभारत
भोपाल, मंगलवार 13 जनवरी, 2026
02

## एक नजर में

### आईटीआई ग्वालियर का गौरव अबू धाबी में तकनीशियन बना

**राजगढ़ 12 जनवरी, का.** ग्वालियर निवासी अभिषेक जाटव, पिता वीर सिंह जाटव (किसान), का चयन अबू धाबी की प्रतिष्ठित ऑयल पाइप्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में टेक्नीशियन पद पर हुआ है. अभिषेक को भारतीय मुद्रा में लगभग 50 हजार रूपये मासिक वेतन मिलेगा. अभिषेक ने वर्ष 2025 में शासकीय आईटीआई से फाउंड्रीमैन ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण की एवं 1 वर्ष का प्रशिक्षण प्राप्त किया. यह सफलता संचालनालय कौशल विकास तथा राज्यएमंत्री (स्वशतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल के निर्देशों के अनुरूप संचालित प्रभावी प्लेसमेंट प्रयासों का परिणाम है. साथ ही राज्यंसभा सासंद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी, आयुक्तश रोजगार विभाग गिरीश शर्मा, राज्य मंत्री (स्वलतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग श्री गौतम टेटवाल, विधायक राजगढ़ श्री अमर सिंह यादव, विधायक खिलचीपुर श्री हजारीलाल दांगी, कलेक्टवर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा रोजगार मेले में अभिषेक जाटव को प्लेुन का टिकट प्रदान किया गया.

### जीरापुर प्रीमियर लीग सीजन-2 में बबलू इलेवन बनी चैंपियन

**जीरापुर 12 जनवरी, सं.** जीरापुर प्रीमियर लीग सीजन-2 में सेमीफाइनल मुकाबलों में पहले सेमीफाइनल में मखेड़ा वर्सेज लगान के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें लगान टीम ने फाइनल में प्रवेश किया. वहीं दूसरे सेमीफाइनल में बबलू इलेवन वर्सेज सरकार इलेवन के बीच मुकाबले में बबलू इलेवन ने जीत दर्ज कर फाइनल में पहुंचीं. फाइनल मुकाबला लगान वर्सेज बबलू इलेवन के बीच खेला गया. टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए बबलू इलेवन ने शाहरुख शाह के शानदार 99 रनों की बदौलत निर्धारित ओवरों में 142 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया. लक्ष्य का पीछा करते हुए लगान टीम ने कड़ी टक्कर दी, लेकिन 8 ओवर में 131 रन ही बना सकी. इस प्रकार बबलू इलेवन ने 11 रनों से जीत दर्ज कर सीजन-2 का खिताब अपने नाम किया. आयोजक अश्विन पंडित, भगवान सिंह मालवीय ने अतिथियों का स्वागत किया, समापन समारोह में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी, हनुमान पाटीदार, श्री राम दांगी, पवन कुशवाह, पार्षद शिव मंडलोई, मुकेश पुष्पद ने पुरस्कार वितरण किया.

### जल सप्लाई टंकी की अंदर से सफाई करवाई

**जीरापुर 12 जनवरी, सं.** जिला कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने आम नागरिको को शुद्ध व गुणवत्ता युक्त पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निकाय के कर्मचारियों को निर्देशित किया. इस आदेश का पालन करते हुए नगर परिषद में प्रत्येक जल स्त्रोत ओवरहेड टेंक एवं फिल्टर प्लांट की प्रति 3 माह में साफ सफाई कार्य करने तथा आईल पेंट से अंकित करना एवं समय समय पर फिल्टर प्लांटो का निरीक्षण कार्य संपादित किया जावेगा. जलप्रदाय सप्लाई के समय जल परीक्षण, पाइपलाईनो के लीकेजो की दुरुस्ती, वाल चेम्बरो की साफ सफाई कार्य व्यवस्था को गम्भीरता से लेने सीएमओ हरीओम शर्मा ने कर्मचारियों को आदेश जल शाखा के समस्त कर्मचारी को दिए इस तारतम्य में जलप्रदाय आवास स्थित साढे चार लाख लीटर पानी की टंकी की अंदर से सफाई करवाई. बाहर पुताई पेन्ट करवाया.

# साष्टांग क्रियाओं से सूर्य को नमस्कार किया

## युवा दिवस पर सुने स्वामी विवेकानंद के विचार, स्कूलों और संस्थानों में हुए आयोजन

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 12 जनवरी, सं.** जिले भरमें स्वामी विवेकानंदजी की जयंति को युवा दिवस के रूप में मनाया गया. स्कूलों, संस्थानों में सूर्य नमस्कार किया गया और 12 योग क्रियाओं को दोहराया गया. संदीपनी उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन विधायक मोहन शर्मा के मुख्य आथित्य में संपन्न हुआ. विद्यालय प्राचार्य बृजादित्य सक्सेना द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत किया. सूर्य नमस्कार शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार लाइव प्रसारण दिखाते हुए स्वामी विवेकानंदजी का उद्बोधन और मुख्यमंत्री के संदेश वाचन दिखाया गया. योग प्रशिक्षक अरूण शर्मा एवं राजेश शर्मा ने सूर्य नमस्कार कियाएं कराई. इस दौरान खेल प्रशिक्षक प्रभातकांत शुक्ला एवं जीतेन्द्र सोलंकी के मार्गदर्शन में जिला,संभाग, राज्य स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सफलता प्राप्त की उन्हें अतिथियों द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया. कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार जिलामंत्री भाजपा सत्येंद्र राठौर वरिष्ठ नेता भरत झंवर दिनेश नागर नायब तहसीलदार सपना झिलोरे एवम विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनील आर्य एवं विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा.



### सामूहिक सूर्य नमस्कार का हुआ आयोजन

**राजगढ़ 12 जनवरी, का.** सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग तथा अल्पासंख्योक कल्या ण विभाग द्वारा बताया गया कि जिले में संचालित विभागीय 100 सीटर पिछड़ा वर्ग पोस्टण मैट्रिक बालक छात्रावास राजगढ़ एवं 50 सीटर विमुक्तप जाति बालक छात्रावास नरसिंहगढ़ में स्वालमी विवेकानंद की जयंती एवं युवा दिवस के पावन अवसर पर सामूहिक सूर्य नमस्काार का आयोजन किया गया. जिसमें छात्रावास अधीक्षक श्री बिहारीलाल वर्मा, शैलेन्द्र समाधिया सहित कर्मचारीगण एवं छात्रावास में निवासरत विद्यार्थी सम्मिलित हुए.

### संस्कार एकेडमी में युवा दिवस हर्षोल्लास से मनाया

**पचोर 12 जनवरी, सं.** नगर की आवासीय सीबीएसई शिक्षण संस्था संस्कार एकेडमी में युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार कर स्वामी विवेकानंद जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई. भारत के महान चिंतक एवं युवा प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा, प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा, कोऑर्डिनेटर कवंलप्रीत तथा प्री-प्राइमरी हेड रियांशी गोयल द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया. संस्था के संचालक विवेक शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के प्रेरणादायी व्यक्तित्व एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को आत्मबल, चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा के प्रति प्रेरित किया. उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार आज के युवाओं के लिए मार्गदर्शक हैं और उनके जीवन से अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच की सीख मिलती है। कार्यक्रम का संचालन इरशाद अहमद ने किया.

### पीएम श्री तलेन में योग दिवस का महत्व बताया

**तलेन 12 जनवरी, सं.** पीएम श्री शासकीय माध्यमिक विद्यालय में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया. कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि पत्रकार बंधु विद्यालय स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के द्वारा योग प्रभारी महेश पवार के मार्गदर्शन में सूर्य नमस्कार किया. प्राचार्य अशोक पाटीदार ने अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष नारायण सिंह यादव, मंडल अध्यक्ष विजय सिंह रुहेला, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष चंदर सिंह यादव, तहसीलदार मनोज शर्मा, भारत सिंह यादव, कैलाश नारायण, पत्रकार अवध नारायण उपाध्याय, जगदीश लववंशी, शिवप्रसाद शर्मा, हरिसिंह केशवाल, मानसिंह यादव, फौजीसरकार, मनोज यादव वकील, पवन यादव, सुनील सहगल, दिनेश शर्मा, सतीश यादव सहित एवं अभिभावक छात्र-छात्राएं छात्राएं एवं स्टाफ मौजूद रहे.

### पीएमश्री बालक सुठालिया में मनाया युवा दिवस

**नवभारत न्यूज, सुठालिया 12 जनवरी, सं.** भारतीय संस्कृति, सनातन मूल्यों एवं आध्यात्मिक चेतना को प्रतिष्ठित करने वाले, युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस पीएम श्री शा.बा. उ. मा. वि. सुठालिया में मनाया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सुश्री माधवी सिंह परमार भाजपा जिला मंत्री उपस्थित रही. प्राचार्य हेमंत यादव ने स्वागत किया. भाजपा जिला मंत्री सुश्री माधवी सिंह परमार ने योग को शारीरिक और मानसिक विकास के लिए जरूरी बताया. कार्यक्रम का संचालन मुकेश कुमार शर्मा ने किया. इस अवसर पर जन शिक्षक अर्जुन सिंह परमार, श्याम सुंदर मीना, प्रदीप कुमार, नरेंद्र सुमन, सुनील कुमार वर्मा, चैतन्य शर्मा, अशोक कुमार वर्मा, हरिप्रसाद नामदेव, विकास सक्सेना, रामप्रसाद शर्मा, रामबाबू मोंगिया, पुरुषोत्तम वर्मा, राजेंद्र सिलावट, राधेश्याम मीना, शुभम श्रीवास्तव, दिनेश पुष्पद, सृष्टि नामदेव, विनीता सिसोदिया, हर्षलता शर्मा, सोनम सक्सेना, बरखा सक्सेना, सुश्री कीर्ति शर्मा, सुश्री बिंदु मोगिया एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे.

### परंपरानुसार विवेकानंद स्कूल ने निकाली प्रभावी रैली

**ब्यावरा 12 जनवरी, का.** विवेकानंद एकेडमी सीनियर सेकंडरी स्कूल एवं सिस्टर निवेदिता गर्ल्स हायर सैकेन्ड्री स्कूल द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की 163 वी जंयती (राष्ट्रीय युवा दिवस) पर नपा काम्पलेक्स स्थित स्वामी विवेकांनदजी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में प्रकाश शर्मा एसडीओपी ब्यावरा, संस्था के डायरेक्टर शिवम चंद्रवंशी, महिमा वर्मा, प्राचार्या अंकिता गुप्ता, नेहा शर्मा, सीमा त्रिपाठी, कविता नामदेव, संजय सक्सेना उपस्थित रहे. इसके पश्चात विशाल चल समारोह जिओ मार्ट ब्यावरा से प्रारंभ किया गया. जिसमें स्वामी विवेकानंद, मां शारदा, स्वामी रामकृष्ण परमहंस, दयानंद सरस्वती, राजा राममोहन राय, सरोजिनी नायडू, आर्यभट्ट, गोस्वामी तुलसीदास, चाणक्य, सरदार वल्लभभाई पटेल, बाबा साहेब अंबेडकर, महात्मा गांधी जी, सिस्टरनिवेदिता, भारत माता,विवेकानंद जी, कल्पना चावला, किरण बेदी, श्रीमती इंदिरा गांधी, जोरावर सिंह, फतेह सिंह, माता गुजरी, रानी दुर्गावती, लक्ष्मीबाई,जीजा माता, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, शिवाजी महाराज, महाराणा प्रताप,तात्या टोपे, टांटिया भील,भगवान बिरसा, मुंडा राणा पूंजा, आदिवासी नृत्य का आयोजन किया गया. वहीं दिवंगत डायरेक्टर स्वर्गीय रामदयाल वर्मा को याद किया गया.



### उत्कृष्ट विद्यालय मैदान पर किया सूर्य नमस्कार

**खिलचीपुर 12 जनवरी, सं.** स्वामी विवेकानंद जी की जयंती सोमवार को युवा दिवस के रूप में मनाई गई. नगर के उत्कृष्ट विद्यालय खेल मैदान में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि सहित विधार्थियो ने सामूहिक सूर्य नमस्कार आसन प्राणायाम किए. इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष बद्रीलाल दांगी, मंडल प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता सहित वक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुवे कहा की स्वामी जी ने भारत का नाम विश्व में रोशन किया उनके जीवन से सभी युवा प्रेरणा ले उनकी पुस्तके पढ़े,और अपने लक्ष्य पर आगे बड़े सफलता आपके कदमों को चूमेगी. वक्ताओं ने कहा की प्रतिदिन सूर्य नमस्कार योग ध्यान से शरीर स्वस्थ और मन प्रसन्न रहता है. इस अवसर पर मौजूद लोगों ने सी एम डॉ मोहन यादव का रेडियो पर संदेश सुना इस मौके पर तहसीलदार विवेक गोयल,सी एम ओ देवनारायण दांगी, पार्षद संदीप शर्मा, शंभू मेवाडें, भाजपा नेता धीरज वर्मा, बीईओ चुन्नीलाल दांगी, प्राचार्य बालकृष्ण दांगी शिक्षक विधार्थी मौजूद थे.

### उत्कृष्ट विद्यालय में सूर्य नमस्कार कार्यक्रम आयोजित

**जीरापुर 12 जनवरी, सं.** शासन के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद जयंती शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में युवा दिवस के रूप में मनाई गई. समारोह की अध्यक्षता विधायक हजारीलाल दांगी ने करते हुए कहा कि सूर्य नमस्कार एवं योगा करने से हमारे शारीरिक कष्ट दूर होते हैं. इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह , योग समिति अध्यक्ष दिनेश जमींदार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ राम किरार, महामंत्री रमेश चंद्र शर्मा, कमल झावा, गिरीराज जुलानिया, तहसीलदार आरपी सिंह गोंड, बीईओ रामबाबू पाटीदार, बीआरसी गजेन्द्र शर्मा, जनपद दिनेश राजकुराढ़, रामप्रसाद कुम्भकार, स्काउट शिक्षक गोवर्धन लाल वर्मा, हरीश गुप्ता, भैरव लाल शर्मा, जीके वर्मा, राकेश भावसार, मयंक भावसार, अरविन्द बंसल, संतोष विश्वकर्मा, गायत्री मालवीय, सीमा गुप्ता, गोविंद शर्मा, लक्ष्मीनारायण दांगी, विजय भावसार घनश्याम गुर्जर, अशोक दांती, ईश्वर किरार, शिवनाथ दांगी , पवित्रा पाटीदार, कुसुमलता, वैशाली, दुर्गेश पाटीदार सरपंच, मांगीलाल अहिरवार की आदि मौजूद रहे.













### देवलीमान खालसा में योग दिवस मनाया

**छापीहेड़ा 12 जनवरी, सं.** शासकीय हाई स्कूल देवलीमान खालसा में 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद जी की जयंती पर सामूहिक सूर्य नमस्कार किया गया. जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नंद किशोर शर्मा सरपंच ग्राम पंचायत देवलीमान जागीर और विद्यालय के प्राचार्य रामबाबू वर्मा, शिक्षक दिनेश कुमार नागर, कल्याण प्रसाद मेहरा, शंकर लाल मालवीय, रामगोपाल दांगी, शिवचरण दांगी, हरिसिंह वर्मा, सूरजमल नागर, कोमल सिंह दांगी, कमल यादव, किशन यादव, घनश्याम दांगी उपस्थित रहे.



### स्वामी विवेकानंद मूर्ति अनावरण समारोह

**नवभारत न्यूज राजगढ़ 12 जनवरी, का.** स्वामी विवेकानंद विद्यालय, राजगढ़ में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर स्वामी विवेकानंद मूर्ति अनावरण समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर जयपुर के कलाकारों द्वारा निर्मित स्वामी विवेकानंद जी की विशाल मूर्ति का अनावरण किया गया. कार्यक्रम में बच्चों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से संबंधित विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया गया और उन्हें उनके जीवन से प्रेरणा प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया. बच्चों ने स्वामी



### योग दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार

**माचलपुर 12 जनवरी, सं.** माचलपुर नगर के प्रज्ञा पब्लिक हाई सेकेंडरी स्कूल में योग दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा वंदना और स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए संस्था के प्राचार्य सत्यनारायण शर्मा द्वारा किया. इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे. संस्था की शिक्षिका श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा योग पर प्रकाश डाला. संस्था की क्रीड़ा प्रभारी महेश दांगी द्वारा सभी छात्र-छात्राओं से समक सूर्य नमस्कार करवाया गया.



### व्यापारी संघ द्वारा सुंदरकांड का आयोजन

**जीरापुर 12 जनवरी, सं.** इंदर चौराहा व्यापारी संघ के तत्वाधान में नगर के व्यवस्तम इंदर चौराहे पर रविवार की रात्री में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन श्री राम कुशवाह मंदिर समिति के कलाकारों ने किया. कार्यक्रम में मुकेश चौधरी छापीहेड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉ.रामचरण किरार, मंडल महामंत्री रमेश चंद्र शर्मा,नगर परिषद सीएमओ हरिओम शर्मा, पार्षद गण हेमंत जोशी, गिरिराज जुलानिया, कुशल कुशवाहा, संजय भावसार, ,युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष दिनेश गुर्जर भाजपा नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमींदार, सुंदरकांड समिति अध्यक्ष परमेश्वर भट्ट आदि ने भाग लिया. कार्यक्रम का संचालन दिनेश जमींदार ने किया. अतिथियों का स्वागत व्यापारी राकेश गुप्ता भानपुरा, मुकेश दुपाड़िया , भुपेंद्र उपाध्याय, गिरीश भावसार , सुरेश शर्मा, नरसंग सेन, बलराम वैरागी , अमन जमींदार, जोशी ने किया जहां बड़ी संख्या में इंदर चौराहे के व्यापारी दुकानदार मोजूद रहें.



### सूर्य नमस्कार करवाया

**माचलपुर 12 जनवरी, सं.** समीप ग्राम गोघटपुर सरस्वती शिशु मंदिर में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती युवा दिवस के रूप में मनाई गई. प्रधानाचार्या श्रीमतीकलावती जायसवाल ने बताया कि आप अपने लक्ष्य को निर्धारित करे और उसे प्राप्त करे. स्वस्थ जीवन का महत्व योग है. सभी को सूर्य नमस्कार करवाया गया.

### योग प्रणायाम की क्रियाएं कराईं

**सुठालिया 12 जनवरी, सं.** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुठालिया में युवा दिवस के उपलक्ष में सूर्य नमस्कार का आयोजन किया. संकुल प्राचार्य दिनेश कुमार धनगर ने शुरूआत की. योग शिक्षक राजेश सक्सेना, विष्णु प्रसाद नामदेव ने सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम की क्रियाएं कराई. शिक्षक रमेश कुमार गुनैया, गजेंद्र गोहिया, बनवारी लाल भार्गव,अजब सिंह सेंगर स्कूल स्टॉफ उपस्थित रहा.


**दुर्घटना** कार सवार 3 लोग घायल, चपेट में आई गाय की मौत

# कारों के बीच भिड़ंत, एयर बैग खुलने से बची जान

नवभारत न्यूज

**खिलचीपुर 12 जनवरी, सं.** राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित खिलचीपुर-भोजपुर मार्ग पर रविवार की रात्रि को दो कारों के बीच जोर की टक्कर हो गई, खिलचीपुर थानांतर्गत भोजपुर रोड पर दोलाज के समीप हुई दुर्घटना में वाहन की चपेट में आयी एक गाय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कारों में सवार तीन लोग घायल हो गये. घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है. कारों के एयर बैग खुलने से एक बड़ी अनहोनी होने से टल गई.

पुलिस के अनुसार राजस्थान के घाटोली थानांतर्गत पालखंडा गांव निवासी हीरालाल तंवर उम्र 35 वर्ष अपनी



स्विफ्ट कार क्रमांक आर.जे. 17 सीसी 0236 से खिलचीपुर से घाटोली तरफ जा रहे थे दूसरी ओर से खिलचीपुर थानांतर्गत बावड़ी बे गांव निवासी विष्णु सौंधिया उम्र 30 वर्ष और दिनेश सौंधिया उम्र 32 वर्ष ईको कार क्रमांक एम.पी. 41 सीबी 3411 से राजस्थान के झालावाड़ से खिलचीपुर की ओर आ रहे थे.

### हाईवे पर आई गाय

जानकारी के अनुसार दोलाज के यहां एकाएक गाय हाईवे पर आ गई. एक कार स्विफ्ट गाय से टकरा गई. गाय उछलकर सामने से आ रही ईको कार से जा भिड़ी इससे दोनों कार के बीच जोर की टक्कर हो गई. दोनों कार के आगे के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये. गाय ने मौके पर ही दम तोड़ दिया.

### एयर बैग खुलने से अनहोनी टली

घटना के समय दोनों कारों के एयर बैग खुल जाने से कोई अनहोनी टल गई, इससे किसी प्रकार के जानमाल का नुकसान होने से बच गया. दुर्घटना में तीनों कार सवार को खिलचीपुर के शासकीय अस्पताल ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें बाहर रेफर किया गया. जानकारी लगने पर खिलचीपुर पुलिस मौके पर पहुंची. घायलों को अस्पताल भिजवाया. पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरु कर दी है.